रोग | किसान कर रहे कीटनाशक का छिड़काव, अधिक पानी से मूंग, मक्का की फसल का धीमा विकास

धान की फसल में लगा लीफ ब्लास्टर रोग

अविकसित मक्का की फसल

धान के खेतों में दवा का छिड़काव

मूंग की फसल की स्थिति

खेत के पानी में दिख रहा माहू कीट

बोरिया नवभारत 9 सितंबर। लगभग दो माह पूर्व खेतों में रोपाई का कार्य पूर्ण होने के बाद बारिश का इंतजार था, बारिश आने के बाद खेतों में धान की अच्छी फसल हो चली थी । इस फसल की भविष्य में अच्छी उपज की उम्मीद है। लेकिन वर्तमान में धान की फसल में लीफ ब्लास्टर रोग भूरा माहू व जड़ माहु भी कहते हैं लगने का दौर चल रहा जिससे किसान परेशान है।

धान फसल के खतरनाक कीट के भूरे रंग के रूप में इसकी पहचान होती है जो फसलों की पत्ती की जगह तने के बिल्कुल निचले हिस्से में झुंड बनाकर रहता है जो रस चूसने से पौधे पीले पड़ जाते हैं फिर कत्थई होकर सूख जाते हैं।

प्रकोप से पैदावार में आएगी कमी

ये कीट आधार से पूरा रस चूस लेते है जिससे पौधे कमजोर हो जाते हैं,रस खत्म होने के कारण पौधे व पत्तियां पीली पड़ती है और फिर भूरे होकर सूखने लगती है। जब खेत में हजारों पौधे एक साथ सूख जाते हैं तो पूरा खेत दूर से जला हुआ दिखाई देता है जैसे उसमें आग लग गई हो। पैदावार में 40 से 50 प्रतिशत भारी गिरावट की संभावना हो सकती है।

बचाव में कीटनाशक का छिड़काव जारी

फसलों की ऐसी स्थिति देख किसान चिंतित है इसे नहीं बचाया गया तो फसल जल जाएगी। इसी के चलते रोग से धान को बचाने किसान वर्ग तेजी से फसलों में कीटनाशक छिड़काव कर रहे हैं।

अधिक बारिश बनी पौधों के विकास में बाधक

जिन किसानों ने धान की जगह अपने खेतों में देर से मूंग, उड़द,मक्का आदि की खेती लगभग दो माह पूर्व की है वहां अधिक बारिश के पानी के कारण पौधों का इतना विकास नहीं हुआ जितना हो जाना चाहिए था।

एक ओर इन पौधों में अभी फूल, फल नहीं आए, दूसरी ओर इनके काटने का समय आ रहा है। साथ ही धूप नहीं निकलने से भी उपरोक्त फसलों पर खासा प्रभाव पड़ा है। इन फसलों के समुचित विकास व कीड़ों से बचाने की उम्मीद में यहां भी कीट नाशक का छिड़काव किसान वर्ग कर रहा है।

हनुमान अंश फिल्म से हुआ आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार

सिहोरा भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी हनुमान अंश फिल्म

सिहोरा नवभारत 9 सितंबर। नीम करौरी बाबा के जीवन पर आधारित फ़िल्म 'हनुमान अंश' सिहोरा विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक संतोष बरकड़े के नेतृत्व में सामूहिक रूप से सिविक सेंटर स्थित समदड़िया मल्टीप्लेक्स में देखी।

इस अवसर पर विधायक संतोष बरकड़े ने कहा की अब समय बदल रहा है हमारी धर्म संस्कृति के साथ संत महात्माओं के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित फ़िल्में न सिर्फ बन रही हैं अपितु उन्हें देखने बुजुर्गों के साथ आज का युवा भी बड़ी संख्या में पहुँच रहा है यह शुभ संकेत है हनुमान अंश फ़िल्म को देखने के बाद हम सभी में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ है आज हमने सभी वरिष्ठ जनों एवं कार्यकर्ताओं के साथ यह फ़िल्म देखी, जिससे परम आनंद की अनुभूति हुई सभी को यह फ़िल्म परिवार के साथ देखनी चाहिए। सिहोरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अजय विश्नोई अशोक रोहाणी अभिलाष पांडेय, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व विधायक श्रीमती नंदनी मरावी, दिलीप दुबे, महामंत्री राजेश दाहिया, रुपेश पटेल, कृष्णशेखर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, अनुपम सराफ, सतीश पटेल, पवन गुप्ता, आनंद नौगारिया, राजेश साहू, विनोद मार्को, गनपत उइके,भूपेंद्र सिंह राजपूत हेमचंद असाटी नीलू वाजपेई अनिल चौधरी ज्योति श्रीवास्तव चंदा पटेल ज्योति दाहिया सहित विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने फ़िल्म का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन लायन प्रकाश नेमा एवं लायन के. के. गुमास्ता द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सचिव लायन उमाशंकर सिंह द्वारा किया गया।

त्यौहारों में डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

शांति समिति की बैठक में सदस्यों के प्रस्ताव पर प्रशासन की मुहर

सिहोरा नवभारत 9 सितंबर। आगामी त्यौहारों को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से सिहोरा थाना तहसील परिसर में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रशासन ने त्यौहारों में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर सहमति जताई।

बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने आगामी त्योहारों के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। ध्वनि प्रदूषण और सर्वोच्च न्यायालय तथा राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए क्षेत्र में डीजे के संचालन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।

आदेश नहीं मानने वालों पर होगी कार्रवाई

धार्मिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जुलूसों में डीजे बजाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी समुदाय के लोगों से शांति, भाईचारे और परस्पर सहयोग के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। बैठक में अनुविभागीयअधिकारी पुलिस आदित्य सिंघारिया थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया एमपी बी से रविंद्र सिंह संजय गुप्ता उत्तम आशीष के साथ समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है

जन-जन को साक्षर होने का दिया संदेश

बेलखाडू नवभारत 9 सितंबर। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सूरतलाई संकुल बेलखाडू में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर स्कूल के बच्चों ने रैली निकाल कर साक्षरता के नारे लगाते हुए जन साक्षर होने का संदेश दिया। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के विकास खण्ड सह समन्वयक संतोष पटेल ने बताया कि 1 से 14 सितंबर तक साक्षरता पखवाड़ा चल रहा है। जिसके अंतर्गत आज़ राजेश कुमार चौधरी प्रधानाध्यापक ने रैली में सहभागिता कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। जिसमें विद्यालय की रशिम सोनी, सपना जैन फूल बाई यादव, संध्या उपाध्याय, इन्द्र सिंह राजपूत शिक्षक, देवेन्द्र धुर्वे, की उपस्थिति रही।

95 बिजली बिल बकायादारों के काटे कनेकशन

सिहोरा नवभारत 9 सितंबर। डिवीजन अंतर्गत बिजली बिल वसूली हेतु विगत दिवस सघन अभियान चलाया गया संभाग के बड़े एवं लम्बे से समय से भुगतान न करने वाले बकायादारों को पूर्व में भुगतान हेतु नोटिस जारी किए गए थे फिर भी भुगतान नहीं होने पर 95 कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई।

जिस पर उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान न किए जाने पर अधीक्षण अभियंता के निर्देशन में कार्यपालन अभियंता एवं संभाग के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता द्वारा टीम बनाकर अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गोसलपुर, खितौला, इंद्राना, मझौली, एवं मझगवां में बकायादारों के कुल 95 कनेक्शन विच्छेदित किए गए।

टीमें की गई थीं गठित

गोसलपुर वितरण केंद्र के अंतर्गत सहायक अभियंता यशवंत चौधरी एवं कनिष्ठ अभियंता रमेश सिन्हा के दल द्वारा ग्राम सिलुआ में लंबे समय से भुगतान न करने पर 2 उपभोक्ताओं की मोटर साइकिल जप्त की गई इसी प्रकार खितौला अंतर्गत सहायक राकेश गढ़वाल एवं सहायक अभियंता वीरेंद्र उइके के दल ने मोटर पम्प एवं अन्य सामग्री जब्त की गई मझगवा वितरण केंद्र के अंतर्गत छक्रप्रकिया के तहत उपभोक्ताओं की पेशी संपन्न की गई जिसमें कुल 20 उपभोक्ताओं ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा एवं बकाया राशि का भुगतान कराया अभियान में कुल 114 उपभोक्ताओं द्वारा 8.5 लाख रूपये की बकाया राशि का भुगतान किया गया।

ग्राम छत्तरपुर में 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' कार्यशाला आयोजित

पनागर नवभारत 9 सितंबर। पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के तत्वावधान में नवांकुर संस्था 'सुनहरा कल वेलफेयर फाउंडेशन' द्वारा बुधवार को 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम पंचायत भवन, छत्तरपुर में संपन्न हुआ। कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को शुद्ध प्राकृतिक मिट्टी से श्रीगणेश की सुंदर एवं आकर्षक प्रतिमाएं बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नामांकुर संस्था से धर्मेंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाएं हमारे जलस्रोतों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। इसके विपरीत, मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं पूर्णत: पर्यावरण हितैषी होती हैं।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक, जिला समन्वयक, सरपंच, सेक्टर प्रभारी, मेंटर्स, नवांकुर संस्था के पदाधिकारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में संस्था द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

अवैध क्लीनिक पर सरकारी इंजेक्शनों का हो रहा था धड़ल्ले से इस्तेमाल

स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की सांठगांठ से झोलाछाप डाक्टर बिना खौफ कर रहे इलाज, सरकारी अस्पतालों की दवाइयां जब्त, एफआईआर के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा

सिहोरा नवभारत 9 सितंबर। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने खितौला स्थित साईं मंगलम कॉलोनी के वार्ड नंबर 13 में एक कथित अवैध क्लीनिक पर छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान क्लीनिक से बड़ी मात्रा में दवाइयां, इंजेक्शन और अन्य चिकित्सा सामग्री बरामद हुई। टीम ने मौके से मिले सामान का पंचनामा तैयार कर आवश्यक सामग्री जांच के लिए जब्त कर ली।

जानकारी के अनुसार, मकान नंबर-1 में प्रीति केवट द्वारा कथित रूप से क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान क्लीनिक के कमरों में बेड सहित अन्य चिकित्सा उपकरण भी मिले। जांच के दौरान सरकारी इंजेक्शन मिलने की बात भी सामने आई है। अब स्वास्थ्य विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि सरकारी इंजेक्शन क्लीनिक तक कैसे पहुंचे और उनका उपयोग किस उद्देश्य से किया जा रहा था।

मौके पर तैयार किया गया पंचनामा

प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पंचनामा एवं जब्ती की कार्रवाई पूरी करने के बाद क्लीनिक को सील कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मामले में संबंधित दस्तावेजों और जब्त सामग्री की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद जल्द एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सुमित गुप्ता, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्शिया खान, वीरेंद्र मेहरा सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

चल रहा था गर्भपात का गोरखधंधा

वहीं, क्लीनिक में गर्भपात से संबंधित गतिविधियां संचालित किए जाने की आशंका को लेकर भी जांच की जा रही है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। बताया जा रहा है कि उक्त क्लीनिक को लेकर पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी थी और समझाइश के बाद कार्रवाई समाप्त की गई थी। इसके बाद साईं मंगलम कॉलोनी में प्रकाश गुप्ता के मकान को किराए पर लेकर दोबारा कथित रूप से क्लीनिक संचालित किए जाने की जानकारी प्रशासन को मिली। इसके बाद संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

मांग | 2 अक्टूबर को भाजपा संभागीय कार्यालय के सामने होगा प्रदर्शन, अब आश्वासन नहीं, वादे पर चाहिए जवाब

21 बार सुनाया जाएगा सिहोरा जिला कब का वादा

सिहोरा नवभारत 9 सितंबर। चुनावी मंच से किया गया वादा अब भाजपा के लिए सवाल बनता जा रहा है। सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने आंदोलन का पहला चरण पूरा करते हुए बुधवार को विधायक संतोष बरकड़े को स्मरण पत्र सौंपने की अपनी घोषणा पूरी की ।विधायक के बाहर रहने पर उनके प्रतिनिधि के तौर पर अनुपम सराफ से पत्र लिया ।समिति ने इसके साथ ही आंदोलन के अगले चरण का ऐलान कर दिया।

समिति ने 2 सितंबर से सिहोरा के जिम्मेदार भाजपा नेताओं को स्मरण पत्र सौंपकर उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी द्वारा विधानसभा चुनाव के ठीक पहले सिहोरा जिला बनाने को लेकर की गई घोषणा का ऑडियो सुनाया। समिति ने नेताओं से सवाल किया कि जब चुनाव के समय जनता के बीच मंच से सिहोरा जिला बनाने की बात कही गई थी, तो सत्ता में आने के बाद उस घोषणा पर कार्रवाई क्यों दिखाई नहीं दे रही? समिति के सदस्यों ने कहा कि स्मृति ईरानी जैसे राष्ट्रीय स्तर के नेता द्वारा किया गया प्रस्ताव सत्ता की चकाचौंध में भुला देना उचित नहीं है। भाजपा को भविष्य में फिर जनता के सामने चुनाव में जाना है और उस समय जनता अपने वादों का हिसाब जरूर मांगेगी।

पहले आग्रह, अब आंदोलन

समिति का कहना है कि सिहोरा जिला की मांग को लेकर जिम्मेदार नेताओं से पहले भी कई बार आग्रह किया जा चुका है, लेकिन सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया। इसलिए अब समिति केवल आश्वासन के भरोसे रुकने वाली नहीं है। समिति ने साफ कर दिया है अब बात आग्रह से आगे बढ़कर जवाबदेही तक जाएगी ।आंदोलन के अगले चरण में 2 अक्टूबर को जबलपुर स्थित भाजपा संभागीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान स्मृति ईरानी की चुनाव पूर्व घोषणा का ऑडियो 21 बार बजाते हुए प्रश्न उठाएगी कि सिहोरा की जनता से चुनाव पूर्व किया गया वादा कब पूरा होगा? स्मृति ईरानी की घोषणा पर सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की? सिहोरा को जिला बनाने की पहल आखिर किस स्तर पर अटकी है?

विधायक के सामने रखे दो विकल्प

विधायक संतोष बरकड़े के नाम स्मरण पत्र सौंपते समय समिति ने उनके समक्ष दो प्रस्ताव रखे। पहला मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गठित प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के समक्ष विधायक सिहोरा द्वारा सिहोरा जिला बनाने का लिखित अध्यावेदन प्रस्तुत किया जाए और आयोग के सामने सिहोरा का मजबूत पक्ष रखा जाए।

दूसरा यह कि विधायक स्वयं भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी को साथ लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करें और चुनाव पूर्व की गई घोषणा को अमल में लाने की मांग करें। अब निगाहें 2 अक्टूबर पर हैं जब भाजपा के संभागीय कार्यालय के सामने 21 बार चुनावी वादे की आवाज गूंजेगी और भाजपा नेतृत्व से एक ही सवाल पूछा जाएगा। बुधवार को स्मरण पत्र सौंपने वालों में समिति के अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, रामजी शुक्ला,संतोष पांडे, शरद सेठ, प्रदीप दुबे, पुरषोत्तम गुप्ता, मोहन सोंधिया, राजेश कुररिया, सुमित शुक्ला,आलोक जैन, जितेंद्र श्रीवास, दशरथ पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

किसी को दुखी कर कोई सुखी नहीं हो सकता : निर्दोष सागर

पनागर नवभारत 9 सितंबर। किसी को दुखी करने पर दूसरे को सुख प्राप्ति की आशा नहीं करना चाहिए। दुख देने वाले को पलट कर दुख ही प्राप्त होगा वह चाहे कि मैं किसी को दुखी कर दूं उसकी आत्मा दुखा दूं और मुझे सुख मिल जाए यह संभव नहीं है । इस दुनिया में आदि अनंत काल से दुख देने वाले को दुख ही मिलेगा। आज नहीं तो कल मिलेगा परसों मिलेगा आने वाले समय में कभी भी मिलेगा जो बोया है इस ही काटना पड़ेगा लेकिन निश्चित ही मिलेगा यह संसार का नियम है इसलिए अगर सांसारिक प्राणी को सुख की कामना करना है तो उसे दूसरे को दुख देकर सुख पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए । मांगलिक प्रवचन के दौरान पूज्य आचार्य संत शिरोमणि श्री 108 विद्यासागर महाराज जी की परम शिष्य पूज्य मुनि निर्दोष सागर महाराज जी ने आज अपनी प्रवचन के दौरान श्री शांतिनाथ जिनालय बड़े जैन मंदिर प्रांगण में भक्त जनों के समक्ष कहीं।

अशिक्षितों को शिक्षित करने वाले सम्मानित

डाइट प्राचार्य ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर की सराहना

पनागर नवभारत 9 सितंबर। उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन जिला जबलपुर के अंतर्गत पनागर विकास खंड में असाक्षरों को साक्षर बनाने का कार्य प्रत्येक ग्राम में चरण बद्ध चल रहा है।8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मे जिला स्तरीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लाक समन्वयक संतोष पटेल तथा संकुल समन्वयक लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव कुशनेर,नरेंद्र वर्मा बालक पनागर,गुलाब मार्को कन्या पनागर और अक्षर साथी पूजा पाठक कुशनेर,मेघना केवट देवरी,दुर्गा कोल बडेरा कला, काजल तिवारी परियट को डाइट प्राचार्य योगेश द्विवेदी, जिला प्रौढ़ अधिकारी अंजली सिलेट तथा डीपीसी योगेश शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

मांगों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होंगे किसान

बेलखाडू नवभारत। किसानों के मुद्दों पर भारतीय किसान संघ महाकोशल प्रांत जिला जबलपुर द्वारा 15 सितम्बर को ट्रैक्टर किसान रैली का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे कृषि उपज मण्डी जबलपुर में एकत्रित होने के बाद रैली घंटाघर तक निकाली जाएगी। किसानों को 12 घंटे बिजली प्रदान करने, फूड कंट्रोलर को हटाने, धान का समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा खरीद नहीं करने, साथ ही प्रति एकड़ 25 क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने, मझौली, पनागर के वेयर हाउस के लंबित भुगतान की राशि जारी करने जैसे अन्य मुद्दों पर झगरा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर सहित शामिल होंगे।